should aim at to limit the number of motor vehicles and conserve fuels. Increasing number of motor vehicles obstruct our efforts to conserve fuels. The urban transport plans advocate greater road and parking space for motor transport. This is another obstacle.

Sir, between 1981 and 2002, two-wheeler ownership multiplied by 16 times and that of cars by seven times and bus population increased by four times. In the long run, non-motorised transport must receive qualitatively greater importance. In each city, vehicle-free pedestrian plazas and bicycle tracks must be created. In the new policy, electric mass transport by sky trains is the best alternative and cost-effective. Hence we need an urgent new urban transport policy.

SHRI B.S. GNANADESIKAN (Tamil Nadu): Sir, I associate myself with this Special Mention.

**Demand to Ban Screening of Hindi Film 'Mangal Pandey'**

**श्री उदय प्रताप सिंह** (उत्तर प्रदेश): आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरे विशेष उल्लेख का विषय है कि जो नई फिल्म मंगल पांडे है, उस पर रोक लगाई जाए। यह इसलिए, क्योंकि मंगल पांडे फिल्म में बॉक्स-ऑफिस की सफलता हेतु बिना किसी ऐतिहासिक आधार के जिस प्रकार निर्माता ने स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम नायक मंगल पांडे को कोठे पर नाचता हुआ प्रदर्शित किया है, उससे तमाम देशभक्त भारतवासियों की भावनायें आहत हुई हैं। यह मामला केवल मंगल पांडे जैसे प्रथम स्वतंत्रता सेनानी की छवि और चरित्र का हनन नहीं है, बल्कि बहुत से अन्य, बहादुरशाह जफर, झांसी की रानी, फड़नवीस जैसे तमाम स्वतंत्रता सेनानियों के चरित्र पर हमला है। ये स्वतंत्रता सेनानी लाखों लोगों की श्रद्धा, आस्था और विश्वास के पात्र हैं। इस प्रकार के दृश्य दिखाकर उनका बलिदान हल्का करने का अधिकार किसी निर्माता को नहीं हो सकता है। मंगल पांडे किसान के पुत्र थे। उनके क्रोध का कारण तत्कालीन ब्रिटिश हुकूमत की ज्यादती और अन्याय था। वे पारंपरिक ब्राह्मण थे। उनको ऐसे अश्लील दृश्य में घसीटना सरासर अक्षम्य अपराध है। मेरी मांग है कि इस फिल्म पर रोक लगाकर सरकार निर्माता के विरुद्ध कार्रवाई करे। जो नायक हमारी आस्था और विश्वास के पात्र हैं और जिन्हें हम larger than life मानते हैं, उनका अपमान राष्ट्रीय अवमानना है। मेरा यह भी निवेदन है कि सेंसर की जो मशीनरी है,...(**व्यवधान**)... उसे मजबूत किया जाए। कला और संस्कृति को ऐसे प्रदूषण से बचाया जाए।

**डा. कुमकुम राय** (बिहार): महोदय, यह बड़ा गंभीर मामला है।...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र):** ठीक है, आपने इसमें संबद्ध कर दिया।...(**व्यवधान**)...

**मौलाना ओबैदुल्लाह खान आज़मी** (मध्य प्रदेश): सर, ...(**व्यवधान**)...

†[مولانا عبیداللہ خان اعظمی "مدھیہ پردیش" : سر ......مداخلت......]

**उपसभाध्यक्ष:** आपने भी संबद्ध कर दिया है, ठीक है।...(व्यवधान)...

**श्री धर्मपाल सभ्रवाल** (पंजाब): सर, मैं एसोसिएट करता हूं।

**श्री कमाल अख्तर** (उत्तर प्रदेश): सर, मैं भी एसोसिएट करता हूं।

**श्री प्यारे लाल खंडेलवाल** (मध्य प्रदेश): सर, मैं भी एसोसिएट कर रहा हूं।

**प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा** (उत्तर प्रदेश): सर, मैं भी एसोसिएट करता हूं।

## Concern Over the Adverse Impact of Deforestation in the Country

**श्री कमाल अख्तर** (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरा स्पेशल मेंशन देश के अनेक राज्यों में वनों के कटाव के कारण हो रहे पर्यावरण असंतुलन से संबंधित है।

देश के अनेक राज्यों में वनों के तेजी से हो रहे कटाव के कारण आज देश में पर्यावरण असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई है। यदि वनों के कटाव को रोकने के लिए तत्काल ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो जिस प्रकार देश में पशु-पक्षी विलुप्त होते जा रहे हैं, उसी प्रकार देश में सूखा, बाढ़, भू-स्खलन, भूकम्प, भूमि के कटाव तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं के अलावा मानव जीवन को प्रभावित होने से रोकना संभव नहीं होगा। प्रत्येक वर्ष वृक्षों के कटाव के कारण देश में प्राकृतिक आपदाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले कई सालों से उत्तर प्रदेश सहित देश के अनेक राज्य सूखे की समस्या से जूझ रहे हैं। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए वनों के कटाव को रोका जाना तथा वृक्षारोपण में वृद्धि करना अत्यंत आवश्यक है। वन देश की प्राकृतिक धरोहर हैं और देश की प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा के लिए इनकी रक्षा करना हम सबका राष्ट्रीय कर्तव्य है। आजादी से लेकर अब तक वन क्षेत्रफल में तेजी से गिरावट आयी है।

अत: मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं पर अंकुश लगाने हेतु वनों के दोहन तथा वन क्षेत्र में हो रही कमी को रोकने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाए जाएं।

**श्री उदय प्रताप सिंह** (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, मैं अपने आपको इनके स्पेशल मेंशन से संबद्ध करता हूं।

†[ ] Transliteration in Urdu Script.